पंजाब केसरी 06/11/2025

# आज के युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं, विद्यार्थी उद्योग से जुड़कर अनुभव प्राप्त करें : डॉ. रोहित दत्त

## » जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

अम्बाला, 5 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

यह भ्रमण कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आज के युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़कर वास्तविक कार्यस्थल के अनुभव प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तकनीकी समझ और व्यावहारिक दक्षता का विकास करते हैं।



*औद्योगिक भ्रमण के दौरान जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ।* (चंद्रमोहन)

इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक परिवेश से परिचित कराना, उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा रीयल-टाइम नेटवर्किंग सिस्टम और नेटवर्किंग में उपयोग होने वाले विविध कम्प्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन उमाकांत गांधी रहे, जो नेटवर्किंग के क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक नेटवर्किंग तकनीकी, औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा वर्तमान डिजिटल युग में नेटवर्क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विभागाध्यक्ष उपिंदर कौर ने कहा कि ऐसे अनुभव विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान को व्यवहारिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और उन्हें उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से अवगत करवाते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ डॉ. सुरजीत सिंह और कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की संकाय सदस्य प्रो. नीलम आदि उपस्थित रहीं।